# भा.कृ.अ प. राष्ट्रीय मृदा सर्वेक्षण एवं भूमि उपयोग नियोजन ब्यूरो, क्षेत्रीय केंद्र, विश्वविद्यालय परिसर, उदयपुर

**ICAR–NBSS&LUP, क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर में राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा-2025 का शुभारम्भ उदयपुर, 15 सितम्बर।**

ICAR–NBSS&LUP, क्षेत्रीय केंद्र उदयपुर में आज राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा-2025 का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि MPUAT उदयपुर के कुलसचिव डॉ. बी. डी. कुमावत एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष क्षेत्रीय केंद्र प्रमुख डॉ. बी. एल. मीना उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा प्रभारी डॉ. अजीत कुमार मीना ने किया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में उन्होंने हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि हिन्दी ने हमारे देश की आज़ादी के आंदोलन और दैनिक जीवन में जन-जन को जोड़ने का कार्य किया है। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में डॉ. बी. एल. मीना ने क्षेत्रीय केंद्र में हिन्दी की उपयोगिता और कार्यशैली पर विचार रखते हुए कहा कि राजभाषा के प्रयोग को और अधिक बढ़ावा देने की आवश्यकता है। मुख्य अतिथि डॉ. बी. डी. कुमावत ने हिन्दी पखवाड़ा मनाने की प्रासंगिकता पर बल दिया और कहा कि हिन्दी को राजभाषा बनाए जाने के पीछे इसका सरल, सहज और सर्वसुलभ स्वरूप है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी के प्रयासों से हिन्दी को व्यवहारिक रूप से राष्ट्रीय भाषा के रूप में और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। कार्यक्रम का समापन उद्‌बोधन प्रधान वैज्ञानिक डॉ. आर. पी. शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. आर. एस. मीणा, डॉ. आर. एल. मीणा, डॉ. महावीर नोगिया, डॉ. अभिषेक जागिड़, डॉ. लालचंद मालव, डॉ. वीरजेश यादव, श्री यू. के. नायर सहित सभी अधिकारी, प्रशासनिक, तकनीकी एवं समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।




हिन्दी पखवाड़ा


हिन्दी पखवाड़ा
दिनांक 15 से 29 सितम्बर, 2025